प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
शनिवार 22 जून 2024
वर्ष 02 अंक 133
पृष्ठ 8 मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2023

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

# देशभर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## पीएम मोदी ने श्रीनगर में गिनाए योग के फायदे

श्रीनगर/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में आयोजित मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया और योगाभ्यास के लाभों को गिनाते हुए लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

यहां शेरे कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में स्त्री-पुरुष शामिल हुए। मोदी ने कहा कि योग इस आपाधापी भरे जीवन और सूचनाओं के अंबार से प्रभावित मन को एकाग्रता की शक्ति प्रदान करता है। इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि आज योग से प्रेरित पर्यटन बढ़ा रहा है, जो कारोबार और रोजगार में भी योगदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि योग के लाभों को देखते हुए आज सेना के लोगों से लेकर अंतरिक्ष यात्रियों तक को योगाभ्यास कराया जा रहा है। जेलों में कैदियों को भी योग-ध्यान कराये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर के लोगों में योगाभ्यास के प्रति बड़ा उत्साह दिखा है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र शासित प्रदेश सहित देश और पूरी दुनिया के योग प्रेमियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी।


उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस अवसर पर दुनिया भर में योगाभ्यास के विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। मोदी दो दिन से जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं।



## पीएम मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई : शिल्पा शेट्टी

नई दिल्ली/एजेंसी।

आज दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को सेलिब्रेट करने का मकसद योग के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने योग को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि योग दिवस मनाने की पहल भारत से ही की गई थी। 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था।



शिल्पा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना समेत उनके प्रयासों से दुनिया भर में योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ी है। लोगों ने अपनी दिनचर्या में योग को शामिल किया है। एक्ट्रेस ने कहा, उन्होंने लाखों लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे वैश्विक स्तर पर स्वस्थ और अधिक संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा मिला है।

एक्ट्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सभी से योग को अपनी जीवनशैली में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, इसका मतलब सिर्फ योग का अभ्यास करना ही नहीं है, बल्कि समय पर खाना खाने और नियमित नींद लेने जैसी स्वस्थ आदतें अपनाना भी है। योग से मानसिक शांति और कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

## योग दिवस कार्यक्रम के बाद लोगों के बीच पहुंच गए पीएम मोदी

श्रीनगर/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को लोगों के बीच पहुंच गए और उनसे बातचीत की।

बारिश के चलते योग का कार्यक्रम शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में कराया गया। योग कार्यक्रम की अगुवाई खुद पीएम मोदी ने की। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कन्वेंशन सेंटर के लॉन में पीएम मोदी पहुंच गए जहां करीब 40 मिनट तक उन्होंने लोगों से बात की।

प्रधानमंत्री जब लोगों से बातचीत करने के लिए बाहर आए तो बारिश भी रुक गई।

जब वे लोगों के बीच से गुजरे तो लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पंक्तियों के बीच से चलते हुए वो कई बार रुके और लोगों के अभिवादन का मुस्कुरा कर जवाब दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कुछ युवाओं के साथ सेल्फी भी ली।

श्रीनगर में सुबह हुई बारिश के बावजूद योग दिवस समारोह शानदार तरीके से मनाया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार के ऐतिहासिक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर से 50,000 से 60,000 लोगों की भागीदारी पर खुशी जताई।



## बर्फीले पहाड़ों के शिखर से लेकर समुद्री तट तक छाया योग

नई दिल्ली/एजेंसी।

आज 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, भारत से लेकर अमेरिका तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह लोगों में दिखाई दे रहा है। विश्व के कई देशों में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व किया। वहीं, तीनों भारतीय सेनाओं और अर्धसैनिक बलों ने ऊंची बर्फीली चोटियों से लेकर समुद्र तक विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास किया।सिक्किम स्थित मुगुथांग सब सेक्टर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर योगाभ्यास किया गया। यहां आईटीबीपी के जवानों ने योगासन किए। जवानों ने लेह के पैंगोंग त्सो में भी योग किया। भारतीय सेना के जवान देश की उत्तरी सीमा पर स्थित बर्फीली चोटियों पर योग करते दिखे। सेना के जवानों ने पूर्वी लद्दाख में भी योग किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी योग कार्यक्रमों में शामिल हुए। दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने योग किया। इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है जो व्यक्तिगत तंदुरुस्ती और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।



### न्यूज़ अपडेट

## शिमलाः यात्रियों को ले जा रही बस पलटी, 4 की मौत 3 गंभीर

**शिमला/एजेंसी।** हिमाचल के शिमला जिला के जुब्बल में आज सुबह हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है। घायलों को उपचार के लिए रोहड़ू अस्पताल लाया गया है। हादसे के वक्त ड्राइवर-कंडक्टर समेत बस में कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से बस ड्राइवर कर्म दास पुत्र भोगी राम गांव कुडू जुब्बल, कंडक्टर राकेश पुत्र शिव राम गांव धरकोटी बिलासपुर, बिरमा देवी (62 साल) पत्नी अमर सिंह निवासी धांसर गांव और धनशाह ( 52) नेपाल की मौत हुई है, जबकि जयेंद्र सिंह रांगटा (63), दीपिका (25) पुत्री संजय ठाकुर निवासी गिल्टाड़ी और हस्त बहादुर घायल हैं।

जानकारी के अनुसार, एचआरटीसी के रोहड़ू डिपो की बस सुबह 7 बजे जुब्बल के कुडू से गिल्टाड़ी के लिए निकली थी। कुडू से यह बस मुश्किल से 3 किलोमीटर आगे पहुंचने के बाद चौरी कैंच में हादसे का शिकार हो गई और ढांक से करीब 100 मीटर नीचे दूस-री सड×क पर जा गिरी। यह बस पहाड़ी के ऊपर वाली सड×क से गिरने के बाद निचली सड×क पर रुकी, जहां आधी बस हवा में बाहर लटक गई। यहां से बस खाई में गिरी होती तो हादसा और भी भीषण हो सकता था। स्थानीय प्रशासन ने लोकल लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को रोहड़ू अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों का भी कुछ देर में रोहड़ू में पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।


एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान ने बताया कि हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ है। उन्होंने बताया कि बस में ड्राइवर-कंडक्टर सहित कुल 7 लोग सवार थे। इसमें 4 की मौत हो गई है, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें द्धत्ररूष्ट शिमला रेफर करना पड़ सकता है।बताया जा रहा है कि यह बस गिल्टाड़ी से सवारियां लेने जा रही थी।

## राष्ट्रपति भवन ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र में भाग लेती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तस्वीरें साझा कीं

» राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट किया, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, विशेषकर भारत के साथी नागरिकों को बधाई। योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है। बढ़ती जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए, योग आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का एक तरीका है। आइए हम योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लें।



## 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीबीपी के जवानों ने सिक्किम के मुगुथांग सब सेक्टर में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर योगाभ्यास किया।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के अधिकारियों ने योग किया।



### आतिशी 12 बजे 'पानी सत्याग्रह' करेंगी शुरू

# दिल्ली जल संकट : आज से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगी जल मंत्री

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली में जल संकट बरकरार है। इसी को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी आज जंगपुरा के भोगल में अपना सत्याग्रह शुरू करेंगी। वह सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ सुबह राजघाट जाएंगी, जहां महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।




जानकारी के अनुसार, हरियाणा से पानी कम मिलने के मुद्दे को लेकर आप नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी आज से अनिश्चितकालीन अनशन सत्याग्रह शुरू करेंगी। महात्मा गांधी को श्रद्धांजिल देने के बाद आतिशी सुनीता केजरीवाल व अन्य क्क नेताओं के साथ अनशन स्थल पर जाएंगी। साथ ही बताया जा रहा है कि सुनीता केजरीवाल शाम को 4 बजे तिहाड़ जेल जाएंगी, क्योंकि गुरुवार को अदालत से जमानत मिलने के बाद आज केजरीवाल की तिहाड़ से रिहाई हो सकती है। आप नेता संजय शर्मा, आतिशी, इमरान हुसैन और सौरभ भारद्वाज सीएम आवास पहुंचे गए हैं। यहां से सभी लोग राजघाट के लिए रवाना होंगे। अनशन के बारे में जानकारी देते हुए आतिशी ने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया कि वह 11 बजे महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद दोपहर 12 बजे से जंगपुर के भोगल में अनिश्चितकालीन अनशन की शुरुआत करेंगी। उन्होंने बताया कि वह जब तक दिल्ली वालों को हरियाणा से अपने हक का पानी नहीं मिलेगा, तब तक अनशन जारी रखूंगी।

इससे पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी दिलाने के लिए आइएनडीआइ गठबंधन से समर्थन मांगा है। प्रेसवार्ता में उन्होंने भाजपा पर दिल्ली में जल संकट उत्पन्न करने आरोप लगाया। भाजपा नेता विरोध प्रदर्शन का नाटक कर रहे हैं। उन्हें हरियाणा भवन के सामने प्रदर्शन करना चाहिए जिससे कि दिल्ली को पानी मिल सके।

# पेपर लीक मामले में भाजपा शासित प्रदेश केंद्र बिंदु: राजेश ठाकुर

# रैली निकालकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



रांची।

नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के तहत शुक्रवार को झारखंड में भी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में रांची के शहीद चौक से राजभवन तक विरोध मार्च एवं प्रदर्शन आहूत की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। विरोध मार्च शहीद चौक होते हुए सुभाष चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुआ है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। केन्द्र की भाजपा सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। करोड़ों होनहार छात्र दिन रात मेहनत कर रहे हैं। माता पिता पेट काटकर पढ़ाई करा रहे हैं ये आशा करते हैं कि वैकेंसी निकलेगी, वैकेंसी निकलती है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ जाती है। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा की तरफ से बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि नरेन्द्र मोदी ने रूस और युक्रेन का युद्ध रोकवा दिया, लेकिन वो पेपर लीक नहीं रोकवा पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ इसी घोटाले को नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार पूरे देश में फैला रही है। पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण है कि बीजेपी ने पूरे सिस्टम को कैप्चर कर रखा है, इसलिए इसके तार भाजपा शासित राज्यों से जुडे हुए हैं। जब तक सिस्टम दुरूस्त नहीं होगा पेपर लीक चलता रहेगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए और नीट की परीक्षा रद्द करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पर चर्चा करते रहते है पर पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी जी ने न्याय की लडाई 11 हजार किमी पैदल चलकर पूरा किया है ,आगे लड़ाई लडते रहेंगे। उन्होंने आहवान किया है हम लोग इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे। सभा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, रामचन्द्र सिंह, डॉ प्रदीप बालमुचू ने भी संबोधित किया। विरोध मार्च में प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार सुल्तान अहमद, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गजेन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, राकेश किरण महतो, आभा सिन्हा, जगदीश साहु, ऋषिकेश सिंह, जवाहर महथा, विजय खान, अजय नाथ शाहदेव, संजय कुमार, संतोष सिंह, शमशेर आलम, जैश रंजन पाठक, प्रो. उदय प्रकाश, चन्द्रशेखर दास, रवि मिश्रा, अमित राय, दिनेश यादव, उमेश गुप्ता, मुन्ना पासवान, भागीरथ पासवान, सतीश केडिया, सुखैर भगत, मुनेश्वर उरांव, जोसाई मार्डी, अमरेन्द्र सिंह, केदार पासवान, राजन सिंह राजा, इन्द्रिरा तुरी, प्रभात कुमार, शशिभूषण राय, राजू राम, बशिष्ट लाल पासवान, रोहित पांडे, अमीर हासमी, इन्द्रजीत सिंह, आरूषी वंदना, नलीनी शर्मा सहित सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।




## न्यूज़ अपडेट

### योग हमारे शरीर, मन और प्रकृति के बीच सामंजस्य करता है स्थापित: राज्यपाल



**रांची।** योग हमारे शरीर, मन एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। इससे मन एकाग्र एवं तनावमुक्त रहता है। यह बात शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने एक्स के जरिये कहीं। उन्होंने कहा कि आइए, ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर हम सब अपनी दिनचर्या में नियमित योगाभ्यास को शामिल करने का संकल्प लें।

### रांची में आरपीएफ का योग शिविर



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची मंडल ने शुक्रवार को हटिया स्थित रेलवे कॉलोनी के सामुदायिक भवन में योग शिविर का आयोजन किया। इसमें आरपीएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग किये। योगगुरु मजूमदार ने योग शिविर का संचालन किया। योग शिविर आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है योग : मुनचुन राय

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती रांची महानगर के जरिये मोरहाबादी में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा ने किया। योग कार्यक्रम में योग शिक्षिका माही सिंह एवं आर्य प्रह्लाद की ओर से सभी लोगों को धनुरासान ,प्राणायाम ,सूर्य नमस्कार ,कपालभाति ,पद्मासन आदि आसन कराया गया । क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष मुनचुन राय ने कहा कि योग से जुड़कर ही हम मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं ,आज योग की प्रासंगिकता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। निरोगी काया के लिए योग ज़रूरी है । प्रान्त युवा प्रमुख मोनू शुक्ला ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से मानसिक शांति और एकाग्रता में वृद्धि होती है। योग को मनुष्य को अपने दैनिक जीवन का हिसा बनाना चाहिए और नियमित योग करना चाहिए । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष मुनचुन राय,महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा ,प्रांत युवा प्रमुख मोनू शुक्ला ,कमांडो डिफेंस अकादमी के रोहित कुमार ,महानगर युवा प्रमुख नीलमणि राज ,कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल सहित सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।




### अनुसंधानकर्ताओं के साथ साक्षर सिपाहियों को भी मिलेगा नए कानूनों का प्रशिक्षण

**रांची।** देश में नये कानून एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। तीनों आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए झारखंड पुलिस को कई स्तरों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुसंधानकर्ता को 24 जून से पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आदेश एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण ने दिया था। इस प्रशिक्षण में अब साक्षर सिपाही भी भाग लेंगे। इसको लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। इस बाबत जिलों के एसपी-एसएसपी और पुलिस के अन्य विंग के अधिकारियों को भी पत्र भेजा गया है, जिसमें बताया गया है कि इस कार्यालय के आदेश अनुसार 24 जून से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी अनुसंधानकर्ताओं को नये आपराधिक कानून विषय पर 10 जून से प्रशिक्षण कराने का आदेश दिया गया था। इस आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए निर्देशित किया गया है कि निर्धारित प्रशिक्षण जिला ईकाई के सभी साक्षर आरक्षियों को भी दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षित पदाधिकारियों और साक्षर आरक्षियों की सूची भी मांगी गई है। एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।



## झारखंड में मानसून से पहले बारिश का दौर शुरू



रांची।

राज्य में मानसून आने से पहले बारिश का दौर शुरू हो गया है। इसके मद्देनजर कई जिलों में वज्रपात के साथ भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। केरल से चला मानसून कई दिनों तक बंगाल में अटका था। पिछले 24 घंटे के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी। मौसम विभाग ने कहा है कि मालदा से रक्सौल-भागलपुर होते हुए जल्द ही मानसून के राज्य के संताल परगना में प्रवेश करने की उम्मीद है। राज्य में 22-23 जून को मानसून के दाखिल होने की संभावना है। दूसरी तरफ, झारखंड में हो रहे प्री-मानसून की बारिश के साथ हुए वज्रपात ने गुरुवार को तीन लोगों की जान ले ली। मृतकों में पलामू के तरहसी की डुमरी पंचायत के करमा गांव का राकेश सिंह (17), रांची के बुढ़मू की गीता देवी (25) और मुरगी सागगढ़ा निवासी लालदेव महतो की पत्नी मीनू देवी हैं। रांची स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 जून को झारखंड के किसी इलाके में हीट वेव की स्थिति नहीं रही। पूरे झारखंड में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उन्होंने बताया कि इस समय कहीं-कहीं 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चलने की संभावना है। 22 जून को भी यही स्थिति रहेगी। 23 जून को संताल परगना में वज्रपात के साथ तेज बारिश व हवा चलने की संभावना है। आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 63.5 मिलीमीटर बारिश राजधानी रांची से सटे खूंटी में हुई। रांची में गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे हिनू में 28 मिमी जबकि अन्य इलाके में 30 से 40 मिमी वर्षा हुई।

## रांची रथ यात्रा : मेला लगाने वाले वेंडर के लिए टेंडर जारी

रांची।



जगन्नाथपुर रथ यात्रा में मेला लगाने वाले वेंडर के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।छह जुलाई से 17 जुलाई तक रथ मेला का आयोजन होना है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छह से 17 जुलाई तक के लिए मंदिर के आस-पास 41.27 एकड़ भूमि मेले के लिए उपलब्ध है। आवेदक निविदा में भाग लेने से पहले या आवेदन भरने से पहले मेला परिसर का समुचित निरीक्षण कर लें। आवेदक को प्रोपराईटरशिप,पार्टनरशिप फर्म, कंपनी, एलएलपी या ट्रस्ट व सोसाईटी के रूप में निबंधित होना चाहिए।साथ ही पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न की फोटो कॉपी भी देना अनिवार्य है। मेले का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपए से शुरू होगी। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले मेला वेंडर को सफल घोषित किया जाएगा। उसे खुद या अपने अंतर्गत विभिन्न दुकानदारों के द्वारा मेला में झूला, दुकान, बाजार इत्यादि लगाने की अनुमति अपने स्तर से देने का अधिकार दिया जाएगा, जिस पर समिति की निगरानी होगी। ठेका लेने वाले का दायित्व होगा कि मेला परिसर में सीसीटीवी एवं अन्य लाइट की समुचित व्यवस्था करेगा। साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा आबंटित दुकान या स्टॉल रथ के मार्ग से तय दूरी के बाद ही लगाये जायें। ठेके में भाग लेने वाले निविदादाता को आवेदन के साथ एक लाख पचपन हजार रुपये की राशि का बैंक ड्राफ्ट जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के नाम से देना होगा। सफल निविदादाता को तीन दिन के अंदर कुल राशि का 50 प्रतिशत ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।

## जमीन दलालों को संरक्षण देकर दलित आदिवासी मूलवासी एवं सरकारी जमीनों को लूटवाने का काम कर रही है भाजपा और झामुमो : विजय शंकर नायक

**रांची।** उपरोक्त बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कमलेश कुमार के घर में इडी के द्वारा छापेमारी किए जाने पर एक करोड़ रूपया नगद एवं 100 गोलियां बरामद होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही । इन्होंने आगे कहा की समाचार के माध्यम से यह देखने को मिला कि कमलेश कुमार का रसूख इतना था कि वे बीजेपी एवं झामुमो नेताओं से मिलता था जिसकी तस्वीर प्रकाशित हुई है । इससे पहले भी पूर्व वित्त मंत्री से जमीन माफिया विष्णु अग्रवाल के द्वारा भेंट करना यह संकेत देता है कि जितने भी आज झारखंड में जमीन माफिया है । उन सभी भाजपा और झामुमो से संरक्षण प्राप्त हैं और उन्हें इन्हीं पार्टियों के संरक्षण में झारखंड में सरकारी जमीन सेना की जमीन दलित आदिवासी मूलवासीयो की जमीन को झारखंड में से लूट की जा रही है और भूमि घोटाला जैसा प्रकरण सामने आ रहा है । उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती बिहार सरकार में भी रांची में भूमि घोटाला किए गए थे राज्य निर्माण के बाद भी झारखंड एवं रांची में भूमि घोटाले किए गए जिससे यह पता चलता है की एक संगठित गिरोह के द्वारा झारखंड में जमीन की लूट की जा रही है और वैसे जमीन दलालों को माफियाओं को सरकार के द्वारा एवं भारतीय जनता पार्टी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है जो शुभ संकेत नहीं है । जमीन बचाने के लिए अब एक और उलगुलान जरूरत आज आन पड़ी है तभी झारखंड के दलित आदिवासी मूलासीयों की जमीन सुरक्षित रह सकती है ।

## फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमण्डल ने सीएम से की मुलाकात

रांची।



मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 6 जुलाई को आयोजित होने वाले सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड चैंबर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, स्टार्टअप कमेटी के चेयरमैन अमित अग्रवाल और ट्राइबल वूमेन एंटरप्रेन्योर सब कमेटी की चेयरमैन माला कुजूर शामिल थीं.

## सीसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'

**रांची ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर सीसीएल द्वारा कांके रोड स्थित जवाहर नगर, रांची में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह सहित निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक. / संचा.) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित, वरिष्ठ अधिकारीगण, महिलाएं तथा बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने इस योग शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया और इसका लाभ उठाया। योग शिविर में सभी ने योग की विभिन्न प्रणायामों का योगाभ्यास किया।



सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने योग पर चर्चा करते हुये कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति के न केवल प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है बल्की बौद्धिक-मानसीक एवं आध्यत्मिक रूप से भी समृद्ध होता है। स्वस्थ्य जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवशयक है।

सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन कर 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।



चंदन क्यारी में योग करते नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जी



रॉक गार्डन में योग करते प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी

# राजकीय श्रावणी मेला 2024 के आयोजन को लेकर हुई बैठक...मेला के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए कई आवश्यक निदेश..

- साफ सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाय...बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालु बेहतर संदेश लेकर वापस जाएं...
- शिवगंगा की सफाई बेहतर ढंग से की जाय...शिवगंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालु को बेहतर अनुभूति हो-पानी निकालकर की जाय सफाई...
- पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे...प्रत्येक सोमवार को मंदिर की साज सज्जा बेहतर ढंग से की जाय...



दुमका।

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव-2024 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला 2024 के दौरान बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हों इसे ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपने स्तर से की जाने वाली तैयारियां प्रारंभ कर दें एवं सभी तैयारियां मेला प्रारंभ होने से पूर्व निश्चित रूप से पूर्ण कर लें।

उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाने वाले आवासन केंद्र में पानी के साथ शौचालय की व्यवस्था निश्चित रूप से रहे इसे सुनिश्चित करें। साथ ही पूरे मेला अवधि में सभी अवसान केंद्र में स्वच्छता का स्तर बेहतर रहे एवं शौचालय स्वच्छ रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि शिवगंगा की सफाई मेला प्रारंभ होने से पूर्व बेहतर ढंग से कर ली जाए ताकि शिवगंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभूति हो।कहा कि मेला से पूर्व शिवगंगा के पानी को खाली करके साफ सफाई की जाय।

उपायुक्त ने कहा कि संपूर्ण मेला अवधि के दौरान पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ख्याल रखा जाय। सफाई हेतु टीम की संख्या बढ़ाई जाए। 24×7 सफाई कर्मी की प्रतिनियुक्ति मेला क्षेत्र में की जाय। कहा कि मंदिर परिसर के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई बेहतर ढंग से हो इसे सुनिश्चित करें।मंदिर परिसर में अग्निशमन दस्ता की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में जितने भी दुकान लगाए जाएंगे सभी दुकानों को नगर पंचायत कार्यालय से पंजीकरण कराना होगा।कहा कि सभी रुट लाइन एवं मंदिर पहुँच पथ पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जाय इस संबंध में उन्होंने एनएच के अधिकारियों को स्ट्रीट लाइट लगाने का निदेश दिया है।

उन्होंने निदेश दिया कि सभी बिजली के तारों की जांच कर ली जाय एवं आवश्यक हो तो तारों के बदलने का कार्य मेला प्रारंभ होने से पूर्व कर ली जाय।कहा कि मंदिर परिसर के सभी बिजली के तारों की वायरिंग भी कर लें।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस, डॉक्टर एवं जरूरी दवाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

उपायुक्त ने कहा कि मेला क्षेत्र में बनाये जाने वाले वाहन पार्किंग हेतु दर निर्धारित करते हुए व्यापक प्रचार प्रसार की जाय साथ ही निजी वाहन पार्किंग द्वारा भी निर्धारित दर ही श्रद्धालुओं से लिया जाय।कहा कि इस संबंध में आवश्यक निर्देश वाहन पार्किंग संचालक को दे दिया जाय।कहा कि कोई भी व्यक्ति वाहन पार्किंग के नाम पर मनमाने ढंग से श्रद्धालुओं से पैसे की वसूली नहीं करेंगे इसे सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने कहा कि निजी वाहन पार्किंग संचालक को मेला के दौरान वाहन पार्किंग संचालन करने के लिये नगर पंचायत बासुकीनाथ को कर देना होगा।

उन्होंने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों के हर गतिविधियों पर नजर रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन किया जाय।

### बैठक के महत्वपूर्ण समीक्षा बिन्दु :-

- श्रद्धालुओं एवं पुलिस बलों के आवासन की व्यवस्था।
- टेंट सिटि की व्यवस्था।
- बैरीकेडिंग/छायाशेड मरम्मति / शिवगंगा तालाब की बैरिकेडिंग।
- मेला क्षेत्र एवं मंदिर परिसर की साफ–सफाई की व्यवस्था।
- कावरिया पथ एवं नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत पेयजल की व्यवस्था।
- शिवगंगा तालाब की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था।
- शौचालय की व्यवस्था।
- अग्निशमन दस्ता की प्रतिनियुक्ति।
- मंदिर गर्भ गृह में विद्युत व्यवस्था एवं ए.सी. की जाँच।
- अर्घा सिस्टम की व्यवस्था।
- विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था।
- देवघर–वासुकिनाथ पथ एवं हंसडीहा बासुकिनाथ पथ पर सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थिति।
- विद्युत साज–सज्जा एवं प्रकाश की व्यवस्था।
- स्वास्थ्य शिविरों का संचालन।
- सूचना सहायता शिविरों का संचालन एवं फ्लैक्स/ बैनर का अधिष्ठापन ।
- अतिक्रमण।
- पार्किंग स्थलों का चयन एवं यातायात व्यवस्था।
- कावरिया पथों की मरम्मति।
- विधि–व्यवस्था।
- दण्डाधिकारियों / कर्मियों के लिए बस सेवा का परिचालन हेतु निर्णय।
- सी0सी0टी0वी0 का अधिष्ठापन

# हूल दिवस के भव्य आयोजन को लेकर एसकेएमयू में बैठक



दुमका।

हूल दिवस के भव्य आयोजन को लेकर दिन शुक्रवार को एसकेएमयू में एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में विवि के सभी पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं संथाल अकादमी के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी विवि कैंपस में हूल दिवस का आयोजन भव्य तरीके से किया जायेगा। बैठक में भोगनाडीह जाने वाले पैदल यात्रियों का स्वागत और छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित निर्णय लिया गया।

विवि में हूल दिवस का कार्यक्रम भोगनाडीह पैदल जाने वाले यात्रियों के स्वागत के साथ शुरू होगा। उसके बाद 28 जून को विभिन्न स्नातकोतर विभाग एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न तरह की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और उन सभी प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को विवि द्वारा 30 जून को होने वाले हूल दिवस के मुख्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा।

बैठक में विवि के कुलसचिव डॉ. एस एन अधिकारी, डीएसडब्लू डॉ. जेनेन्द्र यादव, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, प्रॉक्टर डॉ राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ इन्द्रनील मंडल, डॉ. निलेश कुमार, डॉ. सुजीत सोरेन, डॉ धनंजय मिश्र, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, डॉ संतोष शील, डॉ बिनोद शर्मा, स्वेता मरांडी, सुमित्रा हेम्ब्रम, डॉ चंपावती सोरेन, डॉ शर्मीला सोरेन, बास्की नीरज, डॉ. पीपी सिंह, डॉ.आमिर हसन. डॉ. डी एन गोराय, डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. सुशील टुडू, डॉ. हसमत अली, डॉ. स्नेहलता मुर्मू, डॉ. टीपी सिंह, दीपक कुमार, पूनम हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### बाबा बासुकीनाथ मंदिर संचालन व प्रबंधन उप समिति की बैठक हुई आयोजित



**दुमका।** उपायुक्त दुमका आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में दिन शुक्रवार को बाबा बासुकिनाथ मंदिर संचालन एवं प्रबंधन उप समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उपस्थिति प्रतिनिधियों ने राजकीय श्रावणी मेला 2024 के सफल आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान स्थानीय लोगों को कठिनाई नहीं हो इसका ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय लोगों का सहयोग मेला के सफल आयोजन में बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उपायुक्त ने कहा कि शीघ्र दर्शनम के लिए पंडा को दी जाने वाली राशि प्रत्येक सप्ताह दी जाएगी। क्यू आर कोड के माध्यम से श्रद्धालु इस वर्ष शीघ्र दर्शनम का भुगतान कर सकेंगे साथ ही क्यू आर कोड के माध्यम से श्रद्धालु दान भी कर सकेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि बिना निबंधन के कोई भी दुकान मेला क्षेत्र में नहीं खोल सकेंगे। नगर पंचायत बासुकी नाथ से दुकानदारों का निबंधन करवाना होगा। उपायुक्त ने और भी कई महत्वपूर्ण निदेश दिया। कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अनुपालन का निदेश दिया।

### मादक पदार्थों पर रोकथाम के मद्देनजर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**दुमका।** मादक पदार्थों पर रोकथाम को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों और उनके प्रभाव के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों को मादक पदार्थों की पहचान, सेवन से होने वाले प्रभाव और बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नशे के सेवन से किस तरह युवा पीढ़ी और समाज प्रभावित हो रहे हैं इससे संबंधित वीडियो भी सभी को दिखाया गया। कहा गया कि नशा के खिलाफ जनजागरण की आवश्यकता है। माता-पिता सहित अन्य अभिभावक बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर रखें, उनसे बातचीत करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, आइटीडीए निदेशक, सहायक समाहर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# जन शिक्षण संस्थान विकास भारती दुमका के तत्वावधान में योग दिवस का आयोजन

दुमका।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान विकास भारती दुमका के तत्वावधान में योग प्रशिक्षिका सुभद्रा कुमारी (महिला पतंजलि योग समिति ज़िला प्रभारी) एवं श्रीकांत चौबे द्वारा विश्व शांति एवं निरोगी स्वास्थ्य के मंत्रोच्चारण के साथ योगाभ्यास कराया गया एवं नित्य योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की प्रभारी निदेशक श्रीमती अन्नू ने बताया कि आजकल हम सब शारीरिक गतिविधि बहुत कम कर रहे हैं जिस कारण से हम लोग कई प्रकार के रोगों से ग्रसित होते जा रहे हैं। प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास करके हम फिर से पूर्ण रूप से स्वास्थ्य बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि 21 जून ग्रीष्म संक्रांति को सूर्य दक्षिणायन हो जाने के कारण सूर्य की किरणें ज्यादा देर तक धरती पर रहती है और इनके स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक प्रभाव के कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

श्रीमती सुभद्रा ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से शरीर रोगमुक्त बनता है एवं स्ट्रेस व तनाव से भी मुक्ति मिलती है, रक्त संचार और पाचन बेहतर होता है लेकिन योगाभ्यास योग्य प्रशिक्षक की देखरेख में ही करना चाहिए एवं इनसे जुड़े नियमों का पालन करना भी जरूरी है।

योग एक प्राचीन प्रक्रिया है जो मानव शरीर, मन, और आत्मा के संतुलन को बनाए रखने के लिए विकसित की गई है। यह विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान और ध्यान की तकनीकों का संयोजन करता है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में मदद करता है। योग के माध्यम से व्यक्ति अपने अंतरंग शक्तियों को जागृत करता है और एक संतुलित और संयमित जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य विश्वभर में योग के लाभों को जागरूक करना और लोगों को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिन पर विश्वभर में योग संबंधित विभिन्न कार्यक्रम और आयोजन होते हैं जिनमें लोग साझा योग सत्र, संवाद, योग शिक्षा कार्यक्रम, व्यायाम और ध्यान सत्र, संगठनों द्वारा व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्थलों पर योग शिक्षा, और योग संबंधित जागरूकता अभियान आयोजित करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र के इस इवेंट के माध्यम से योग की महत्वपूर्णता को विश्वभर में बढ़ावा मिलता है और लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ती है। भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को विशेष महत्व दिया है। योग विश्व में कई प्रकार से अपने विभिन्न आयामों में प्रस्तुत होता है। जिसमें शारीरिक योग, मानसिक योग एवं आध्यात्मिक योग शामिल है।

इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्वभर में योग की महत्वपूर्णता को प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि यह आत्मिक विकास में भी मदद करता है और व्यक्ति को एक संतुलित और खुशहाल जीवन जीने में सहायक होता है। इस अद्वितीय योग संस्कृति को समझने और उसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक महत्वपूर्ण मौका है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की प्रभारी निदेशक श्रीमती अन्नू सहित योग प्रशिक्षिका सुभद्रा कुमारी एवं श्रीकांत चौबे, कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीराम कुशवाहा, एवं दर्शन हेंब्रम (आजीविका), अकाउंटेंट प्रदीप कुमार शर्मा, एम.आई.एस. मृत्युंजय कुमार पंजियारा, मोबिलाइजर आनंद कुमार एवं सविता किस्कू, राजकुमार हेम्ब्रम, प्रशिक्षिका गायत्री कुमारी, सुबासी देवी, सारिका कुमारी जुगनू कुमारी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी शांति कुमारी अनुप्रिया गुड़िया कुमारी हिना कुमारी बबीता कुमारी सीमा देवी किरण देवी सोनाली कुमारी शोभा कुमारी रीना कुमारी पूनम देवी अनीता देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

# एकलव्य विद्यालय में प्रभारी प्राचार्या के साथ छात्राओं का योगाभ्यास

दुमका।





10 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिन शुक्रवार को एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय काठीजोरिया में प्रभारी प्राचार्या ले0 सुमिता सिंह के नेतृत्व में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्राओं के साथ स्कूल परिसर में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार आदि विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।

उन्होंने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है और विश्व के सभी लोगों को एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित करना है जिससे लोग शारीरिक एवं विशेष कर मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

उन्होंने कहा कि भारतीय प्राचीनतम विद्या योग को वैश्विक स्तर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इस वर्ष का थीम है 'स्वयं और समाज' के लिए योग।

योग सिर्फ शरीर को ही नहीं बल्कि मन को भी शांति और एकाग्रचित करता है। योग के अभ्यास से शांतिपूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए एक बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है।

उन्होंने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। योगाभ्यास में शिक्षिका सुखमती सोनार, रंजु कुमारी, सुजाता झा, पुष्पलता झा, संजीता मराण्डी, मरियम, मृणालनी हांसदा, पूजा साह, शिक्षक अनादी गोराई, दिनेश प्रसाद गुप्ता, नीतीश राय, आकाश मंडल, दीनबंधु, नारायण सिंह, कल्याण गोराई आदि भी शामिल हुए।

### एक आम आदमी की दिनचर्या में योग बहुत जरूरी है: उपायुक्त



**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर (दिन शुक्रवार को) उपराजधानी दुमका में सौहार्द के साथ 10 वां योग दिवस मनाया गया। इंडोर स्टेडियम, दुमका में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली बच्चें एवं आम नागरिकों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि दिनचर्या में योग बहुत जरूरी है। प्रातः काल में अपने लिए समय निकालकर कुछ देर योग अवश्य करें इससे मन और स्वास्थ्य दोनों को राहत मिलेगी। योग को जरूरी बताते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से कई जानलेवा बीमारियों से निजात मिल सकती है। जिले के सभी प्रखंडों, ग्राम पंचायतों में भी पर भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# जिला अभिलेखागार, दुमका के कर्मचारियों की मनमानी के विरोध में आयुक्त व उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

दुमका।

जिला अभिलेखागार, दुमका में पदस्थापित कर्मचारियों की मनमानी, गैर जिम्मेदाराना तरीके से लोगों के साथ वर्ताव तथा व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिन शुक्रवार को विधि लिपिक संघ, दुमका की ओर से जहाँ एक ओर प्रदर्शन किया गया, वहीं दूसरी ओर आयुक्त संताल परगना प्रमंडल, दुमका व उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जिला अभिलेखागार में मनमानी और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की।




आयुक्त व उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में यह जिक्र किया गया है कि कर्मचारियों की गैर जिम्मेवारी रवैये के कारण निर्धारित अवधि में नकल नहीं उपलब्ध हो पाने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ज्ञापन में कहा गया कि जो आवेदक मुंहमांगी सुविधा शुल्कः की राशि जमा करते हैं उन्हें निर्धारित अवधि से कम समय में ही नकल उपलब्ध करा दिया जाता है। गैंजर पर्चा एवं मैक×फर्शन पर्चा की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि का आवेदन कई वर्षों से लंबित है। वैसे लोग उपरोक्त पर्चों की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि कम से कम समय में प्राप्त कर लेते हैं जो मनमाफिक सुविधा शुल्क जमा करते हैं। ऐसे कार्यों में अभिलेखागार के सभी कर्मचारियों की संलिप्ता जगजाहिर है। इन कर्मचारियों को मनमाफिक सुविधा शुल्क नहीं मिलने पर ये पार्टी को गलत सूचना देकर उन्हें गुमराह करते हैं।

जिला अभिलेखागार के पुराने कार्यालय काउंटर पर अभिप्रमाणित प्रतिलिपि का आवेदन जमा लिया जाता है, उसका एस्टीमेट नये भवन में किया जाता है, जिससे आवेदकों को काफी कठिनाई होती है।

यद्यपि न्यायालय परिसर में कई स्टाम्प भेंडरों को लाईसेंस दी गयी है, किन्तु सामान्यत उनमें से केवल एक ही स्टाम्प भेंडर स्टाम्प का वितरण करते हैं और सप्ताह में केवल दो दिन ही टिकट का वितरण करते हैं, इससे केश फाईल एवं नकल निकालने का कार्य बाधित होता है।

जिला अभिलेखागार में कर्मचारियों की बहुतायत है, बावजूद सफाई कर्मचारी के द्वारा नकल तैयार की जाती है एवं सर्चिंग कार्य की जाती है जो सरासर गलत है एवं नियमानुकूल नहीं है।

इन सभी मांगों अविलंब दूर करने की मांग आयुक्त और उपायुक्त से की गई। इस अवसर पर जयचंद मंडल (अध्यक्ष दुमका विधि लिपिक संघ) कंचन यादव (सचिव) राम मोहन पाण्डे (अध्यक्ष साहेबगंज) श्रवण कुमार (सचिव देवघर) रामचंद मकुल (सचिव राजमहल) विधि लिपिक गणेश मिश्रा, नरेंद्र नाथ दुबे, वीरेंद्र महतो, अधिवक्ता कमल किशोर झा (सलाहकार) अधिवक्ता प्रतिभा कुमारी आनंद (अधिवक्ता) संतोष मरांडी, संजय दास, तापस मंडल, नीलांबर पाल, रंजीत यादव, सुभाष केवट, रणजीत सिंह, दीपक झा, अमित कुमार महतो, विनोद मंडल, विनय प्रसाद, रंजीत यादव, किशोर गोस्वामी, मोहम्मद शरीफ, शक्तिपदा दास, शक्तिपुत्र दास, सुधीर चंद्र मंडल, नीतिश कुमार दास, मीडिया प्रभारी मुकेश मिश्रा, शिवकुमार राणा सुधीर चंद्र मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### भाजपा प्रखंड कार्यालय रानेश्वर में योग शिविर का आयोजन



**दुमका।** 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा प्रखंड कार्यालय रानेश्वर में आयोजित योग शिविर में जिला परिषद सदस्य विमान सिंह सहित अन्य पदधारकों व कार्यकर्ताओं ने योग की भिन्न भिन्न मुद्राओं के माध्यम से स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए योग किया तथा योग के माध्यम से तनावमुक्त जीवन के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य विमान सिंह ने कहा कि योग भारतीय ऋषि मुनियों की एक बड़ी देन है। योग के जरिये ही लंबी अवधि तक लोग स्वस्थ और तनाव मुक्त रहा करते थे।

न्यूज़ अपडेट

## करे योग रहे निरोगः अंबा प्रसाद



**बड़कागांव ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने रांची धुर्वा स्थित आवास में योगा किया व योग आसन करके स्वस्थ रहने का संदेश दिया। विधायक ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि योग करने से मानव निरोगी रहते हैं। इसलिए हम सभी को निरोगी रहने के लिए योग अवश्य करना चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़कागांव मध्य पंचायत में योग



**बड़कागांव ।** बड़कागांव मध्य पंचायत सचिवालय भवन में विश्व योग दिवस के अवसर पर मुखिया मो तकरीमुल्लाह के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने योग करते हुए प्रत्येक दिन योग करने का निर्णय लिया। मुखिया मो तकरीमुल्लाह ने कहा कि स्वस्थ जीवन यापन करने के लिए हर व्यक्ति को रोजाना योग करना चाहिए योग करने से हम हर तरह की बीमारियों से दूर रहते हैं। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव मोहम्मद हकीम, संजय राय, मो सज्जाद, कैलाश राम, राजू राम के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## केदारनाथ दर्शन के लिए 11 श्रद्धालुओं को मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने भागवा गमछा पहनकर किया रवाना



**बड़कागांव ।** बड़कागांव चौक प्रसिद्ध काली मंदिर के प्रांगन से केदारनाथ दर्शन को लेकर 11 श्रद्धालुगण रवाना हुए। मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार एवं श्मशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिंह ने सभी को भगवा गमछा पहनकर यात्रा मंगलमय की कामना की। आगे उन्होंने कहा कि केदारनाथ मन्दिर भारत के उत्तराखण्ड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित हिन्दुओं का प्रसिद्ध मंदिर है। केदारनाथ मन्दिर बारह ज्योतिर्लिंग में से एक है । सभी लोग इस क्षेत्र के उन्नति के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। मौके पर शमशान घाट समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा, पश्चिमी पंचायत उप मुखिया सत्यदेव कुमार, कुशवाहा समाज से कोषाध्यक्ष दीपक कुमार,अध्यक्ष प्रवीण कुमार, विरेन्द्र मेहता, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, सुजीत कुमार, सनी कुमार, पवन कुमार,राजु कुमार सहित सभी के परिवार संबंधी मौजूद थे। जाने वाले श्रद्धालु गण प्रभु सोनी, जयराज महतो, राकेश कुमार गौरा, सरोज कुमार, सुबोध कुमार,धर्मनाथ महतो, पिंटू कुमार, बंधन महतो, फूलसूंदर महतो, मनीष कुमार, सिकंदर कुमार श्रद्धालु गण रवाना हुए।

## आम चुनने के दौरान वज्रपात से 23 वर्षीय सोनिया कुमारी की हुई मौत



**विष्णुगढ़।** बरसात के प्रवेश के साथ ही वज्रपात की घटनाओं ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के नावाडीह निवासी 23 वर्षीय युवती की शुक्रवार को वज्रपात से मौत हो गई। बताया जाता है की 23 वर्षीय युवती सोनिया कुमारी पिता खुशी भुइंया बगल के आम के पेड़ के नीचे आम चुन रही थी। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय किशोरी सोनम कुमारी पिता अशोक राम भी साथ में थी जिसकी जान बाल बाल बच गई। सोनिया कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, वहीँ सोनम कुमारी का बायाँ पैर जल गया। पिछले वर्ष ही मृत सोनिया कुमारी की माता की मृत्यु कैंसर से हुई थी। अगले महीने की 25 तारिख को मृत सोनिया कुमारी की विवाह भी होनी थी। ऐसी स्थिति में हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के महंत अखाड़ा चौक में स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा योग किया गया। इस मौके पर योगाभ्यास करवाते हुए विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि अगर अपने शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को नियंत्रित रखना है तो जीवन में योग को नित्य जरूर अपनाए। क्योंकि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। यह तनाव और चिंता को दूर कर मनुष्य को निरोग बनाता है। नियमित योग हमारे शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बढ़ाता है। इसलिए आइये हम सभी प्रतिदिन योग करें, बीमारियों को दूर भगाएं और अपने शरीर को स्वस्थ रखें और दूसरों को भी अपने जीवन में नित्य योग अपनाकर स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करें।

विद्यालय के योग शिक्षक रोहित कुमार वर्मा ने कहा कि योग करने से शरीर के साथ-साथ मन को शांति मिलती है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाने में मदद करता है। भूख और पाचन शक्ति को बढ़ाता है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, सुशांत कुमार पाठक, लखन प्रसाद, राजेश कुमार रजक, बसंत कुमार, रोशन कुमार, प्रिया दुबे, बादल कुमार, राजू कुमार महतो, रूपाली देवी, सुष्मिता प्रिया, उषा देवी, रिता देवी, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी, कांति देवी, मनोज रजक, कल्लू गोस्वामी के अलावा विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बरही में उत्साह के साथ मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**संवाददाता बरही।**

बरही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में सामूहिक योग का प्रतिपादन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव,विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, सचिव नागेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू एवं भाजपा जिलापाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, विहिप के महामंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि योग का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया। वहीं रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में भी योग दिवस मनाया गया। मौके पर स्कूल प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि हर साल होने वाले योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में हमारे



विद्यालय के छात्र छात्राएं भाग लेती है,जो बरही के लिए गर्व की बात है। वहीं देवचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि योग भारत की एक प्राचीन विरासत है। योग व्यक्ति को हेल्दी रखने के साथ ही समग्र कल्याण को भी बढ़ावा देता है। उपप्राचार्य विकाश सिंह ने कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। वही पंचमाधव स्थित आईलेक्स स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन के लिए महत्वपूर्ण इकाई एकाग्रचित्तता योग की ही देन है। वही आरएनवाईएम कालेज बरही में डॉ अजय कुमार आर्यन के द्वारा विधार्थियों को योगाभ्यास कराने के साथ उनसे होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। वहीं बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों ने योगाभ्यास किया।वही बरही प्रखंड सह अंचल मुख्यालय परिसर में राजकुमार यादव, रंजीत केशरी, दीपक सोनी के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलको, सीआई शतीश कुमार सिन्हा एवं ब्लॉक कर्मी में जीतू राम, एथलेटिक्स संतोष वर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# दौलत महतो महाविद्यालय बनासो में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर विशेष आयोजन

**विष्णुगढ़।**

विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन०एस०एस) के तत्वाधान में महाविद्यालय इकाई द्वारा शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष 2024 का थीम ₹महिला सशक्तिकरण के लिए योगा₹ है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि योग मन एवम शरीर को स्वस्थ करता है और हमें प्रबल बनाता है। इसलिए योग को अपनी




दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम की पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि निरंतर योगा करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भौतिक व्याख्याता अशोक कुमार झा एवं योग विशेषज्ञ के तौर पर पूर्ववर्ती छात्र प्रकाश कुमार ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सहायक व्याख्याताओं में जीतेन्द्र मेहता, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, डॉ० सतीश चंद यादव, प्रवीण जायसवाल, सीमा कुमारी, डॉ० अमरीश कुमार दुबे, जयपाल राणा, सहायक व्याख्याता बबली कुमारी, कुमार चौरसिया, ओमकार नाथ शर्मा, जितेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, अद्दश मुखर्जी, अजित कुमार, वीरेंद्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, राजेश कुमार, सरोज श्रीवास्तव, भुनेश्वर महतो संतोष कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आज़ाद, नाजरा खातून एवं बी०एड० सत्र 2022-24 तथा 2023-25 के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

## बिजली विभाग के मनमानी नहीं चलेगी, ठीक से बिजली मुहैया कराया जाए नहीं तो इसके लिए होगा आंदोलन - झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति



**इचाक संवाददाता।** इचाक बिजली विभाग की मानमानी जब मन होगा बिजली मिलेगा, जब नहीं होगा बिजली नहीं मिलेगा,ऐसे खास कर के ईचाक को इग्नोर किया जा रहा है, कभी कभी दिन भर बिजली नहीं मिलता है, बिजली नहीं मिलने से आम जन को का×फी परेशानी होता है, आज जब झारखण्ड पुरे देश को बिजली सप्लाई करता है और खुद अंधेरे मे रहने को मजबूर है झारखण्ड ऐसे कितने मार झेल है यहाँ के छात्रों को बिजली ना मिलने उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती है ऐसे मे झारखण्ड का भविष्य अंधकार में है

अगर बिजली बिभाग, झारखण्ड सरकार, केंद्र सरकार इस समस्या पे ध्यान नहीं देंगे तो उसके लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति / झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इसके लिए आंदोलन करेगा

विक्की गिरि - युवा नेता झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बरकट्ठा विधानसभा

# पुजा व राहुल हत्याकांड के खुलाशा को लेकर बाजार पुर्ण रूप से बंद,दुकानदारों ने आरोपी को फांसी देने का मांग किये

● **जघन्य अपराध का खुलासा के लिए दुकानदारों ने अपनी सहभागिता निभाई,मामले को सीबीआई से जांच हो - गौतम**

**इचाक संवाददाता।**

इचाक प्रखंड में पुजा व राहुल हत्याकांड का मामला देश स्तर पर चर्चित रहा।बीते दिन पुजा व राहुल के हत्या के बाद गुप्त तरीके शव को जला दिया गया।हत्यारो ने साक्ष्य छुपा कर मामला को रफा दफा करने की पुरजोर कोशिश कर रहे।कल शाम हत्या व हत्या के आरोपी को गिरफ्तारी को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया साथ ही बाजार को पुर्ण रूप से बंद करने का आहवन किया गया।युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि इचाक को पुर्ण रूप से बंदी



को सफल बनाने में पुरे इचाक की जनता ने सहभागिता निभाई।और सभी दुकान अपने तरीका से बंद रखकर अन्याय के खिलाफ एकजुट रहे।गौतम कुमार ने कहा कि प्रशासन हत्या का खुलासा व हत्यारा को गिरफ्तार नही करती तो कल पुरा इचाक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। साथ ही NH33 पास विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।गौतम ने हत्या का जांच सीबीआई से करने का मांग किये है।बाजार बंदी को सफल बनाने में जनवादी नेता दिगम्बर मेहता,आरजेडी नेता प्रदीप मेहता,भाजपा नेता मुनेंद्र मेहता,कुरहा मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता,रूपेश कुमार,मनोज मेहता,सुजीत मेहता,कमल कुमार दास,राजेश कुमार मेहता,सरपंच प्रदीप मेहता,वजीर मेहता,इत्यादि सैकड़ो लोग मौजुद थे।

## पत्रकार को मातृशोक, अंतिम संस्कार में शामिल हुए सैकड़ो लोग



**संवाददता बरही।** बरही के पत्रकार राजदेव गुप्ता की माता दर्शनी देवी उम्र 60 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व ही उनकी माता हजारीबाग के एक निजी अस्पताल से इलाज करवाने के बाद स्वस्थ होकर अपने घर वापस आई थी। वहीं शुक्रवार सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ने के बाद उनका आकस्मिक निधन हो गया। वहीं इस घटना के बाद पूरे परिवार में शोक दौड़ गई। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। अंतिम संस्कार रसोईयाधमना स्थित बराकर नदी घाट पर हुआ। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र सूरज गुप्ता ने दिया। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों में जीप सदस्य रविशंकर अकेला, मुखिया गोविंद प्रसाद, नारायण साव, सरयू साव, सुखदेव साव, तापेश्वर साव, बिरेंद्र कुमार, रामवतार साव, जगरनाथ साव, सीताराम साव, नवरंगी लाल, चवरंगी लाल, सिकंदर कुमार, राजदेव साव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। वहीं पत्रकारो में जावेद इस्लाम, रितेश कुमार, सुरेंद्र निषाद, अनुज कुमार, जयदीप सिन्हा, धनंजय कुमार, अजय कुमार, अमित सोनी आदि ने शामिल होकर परिवार को ढाढस बंधाया और शोक व्यक्त किया।

# मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया धूमधाम से

**बड़कागांव।**

बड़कागांव प्रखंड में मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में योग योग किया एवं लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया । अवसर पर योग करते हुए मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ,श्मशान घाट सेवा समिति की अध्यक्ष दिनेश सिंहा, वीरेंद्र प्रसाद ,अनिल कुमार, सुनीता देवी, अनीता देवी , राम लखन विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे ।रंजीत कुमार ने कहा योगा करने वाला व्यक्ति कभी बीमार नहीं पड़ता है। योग करने से शरीर में सभी प्रकार के ज्ञान इंद्रियां सहित सलामत और अच्छे तरीका से कार्य करती है।

दिनेश सिंहा ने कहा योगा करने से ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है शरीर में फिटनेस हमेशा रहता है स्वास्थ्य भी हमेशा उत्तम बना रहता है।




# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा जिससे खुद को तनाव मुक्त महसूस करते हैं : पंचम पाण्डेय**

**चौपारण।**

पाण्डेयबारा चपरीकला में संचालित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के लिए योग का अभ्यास सत्र आयोजित किया। मौके पर योग प्रशिक्षक के रूप में शिक्षिका अंजली सिंह ने सभी को योग अभ्यास करवाया। विद्यालय के सभी बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान योग प्रशिक्षक ने त्रिकोणासन, भुजंगासन,



अनुलोम विलोम, प्राणायाम आदि जैसे विभिन्न बैठने और खड़े होने वाले आसन भी कराए। निदेशक पंचम कुमार पाण्डेय ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। योग के बारे में बताते हुए कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है जो व्यक्ति द्वारा स्वयं की जाती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से बल्कि चारित्रिक रूप से भी व्यक्ति का विकास करती है। योग हमारे दैनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। यह वैदिक काल से जारी है और इस आधुनिक तकनीकी युग में भी काफी उपयोगी और प्रभावी साबित हुआ। सत्र के अंत में सभी ने निश्चित रूप से खुद को तनाव मुक्त महसूस किया। योग कार्यक्रम में उप निदेशक धनंजय कुमार, शिक्षक पियूष पांडेय, बलराम सिंह, प्राची कुमारी, अंजली सिंह, सोहानी कुमारी के साथ बच्चों में विक्रम कुमार, पियूष कुमार, हर्ष कुमार, शशांक पांडेय, सोनिका कुमारी, आराध्या कुमारी, सौम्या पांडेय, नैंसी कुमारी, तरन्नुम प्रवीण आदि उपस्थित रहें।

# जीएम इंटर महाविद्यालय इचाक में प्रखंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन किया गया

**इचाक संवाददाता।**

इचाक जीएम इंटर महाविद्यालय,इचाक में पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान इचाक प्रखंड कमेटी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो योग प्रेमी, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। पतंजलि योगपीठ इचाक प्रखंड प्रभारी डॉ. कौशल कुमार ने सभी योग प्रेमियों को योग कराते हुए बताया की योग एक ऐसी चीज़ है जो हमारी आत्मा को पोषण देती है। यह एक आध्यात्मिक अभ्यास है जो हमें शारीरिक रूप से कई







बीमारियों से छुटकारा दिलाता है। इसके अलावा, व्यायाम हमारे शरीर को मजबूत कर सकता है और हमारी बुद्धि को भी तेज कर सकता है और हमारी भावनाओं को स्थिर कर सकता है।योग, भारत की एक प्राचीन प्रथा है , जिसने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को शामिल करते हुए अपने बहुमुखी लाभों के कारण वैश्विक प्रशंसा प्राप्त की है। इसमें शारीरिक आसन, नियंत्रित श्वसन और ध्यान तकनीक शामिल हैं। योग शिक्षिका चांदनी कुमारी जो गोल्ड मेडलिस्ट है उन्होंने सभी योग प्रेमी और विद्यार्थियों को करे योग रहे निरोग के साथ सभी प्रोटोकॉल के अनुसार योग करवाएं। महाविद्यालय प्रभारी प्रो.पंकज कुमार ने कहा कि प्रत्येक दिन योग करने से तन और मन दोनो स्वच्छ रहते हैं और बीमारियों से लड़ने का ताकत हमारे शरीर को हमेशा मिलता रहता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योग शिक्षिका सितारा कुमारी, सह प्रभारी महेश वैद्य,युवा नेता गौतम कुमार,रूपेश कुमार,कमल कुमार,रविशंकर सिंह,विजय कुमार गुप्ता,शिक्षक रत्नेश कुमार राणा,संजीत कुमार,अजीत हंसदा,संगम कुमारी, प्रणत कुमार दास, कृष्णा कुमार मेहता,प्रिया कुमारी,राजकुमार सिन्हा,सुनीता टोप्पो और विद्यार्थियों का भरपूर सहयोग रहा।

## न्यूज अपडेट

### सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत ,दो घायल

**बोकारो।** बोकारो के हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत वास्तेजी गांव में एक स्विफ्ट कार और टेंपू में जोरदार भिडंत में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए ,घायल को बोकारो जेनरल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया और महिला के शव को पुलिस अपने कब्जा में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है ,बताया जा रहा है की महिला पचौरा गांव की निवासी है ये सभी एक शादी समारोह शिरकत कर लौटने के क्रम में यह घटना घटित हुआ है ।

### एक-एक समस्या का समाधान को तत्पर हैं आपके सांसद ढुलू महतोः खुशवंत देवा

**बोकारो ।** चंदनकियारी विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न गाँवों में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ था। ग्रामीण लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। चुनाव के समय किए गए वादे को पूरा करते हुए, धनबाद के सांसद ढुलू महतो के भतीजे खुशवंत देवा ने विभिन्न जगहों के बंद पड़े चापानलों को मरम्मत करवा कर ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाने का काम किया। अरविंद दुबे और मयंक देव के नेतृत्व में सभी चापानलों की मरम्मत की गई।ग्रामीणों ने सांसद ढुल्लू महतो के भतीजा खुशवंत देवा के प्रति आभार व्यक्त किया है



### नशा-मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर व्यवहार न्यायालय में शिविर का आयोजन, लिया गया शपथ

**रामगढ़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में 21 जून को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में नशा मुक्ति अभियान पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में ₹नशे को ना, जिंदगी को हां₹ शपथ दिलाया गया।इस आयोजन का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करना है।प्रधान न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे ने उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और अपने जीवन को सकारात्मक और स्वस्थ दिशा में अग्रसर करेंगे। सभी ने मिलकर नशे के खिलाफ इस मुहिम में शामिल होने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### व्यवहार न्यायालय में जिला जज के मार्गदर्शन में योग-शिविर का आयोजन

**रामगढ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ के तत्वाधान मे प्रधान







जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में योग शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान प्रधान न्यायाधीश ने योग दिवस के अवसर पर योग के महत्व के बारे में बतलाया कि योग एक ऐसा अभ्यास है जो शरीर,सांस और मन को जोड़ता है। यह समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए शारीरिक आसन,श्वास अभ्यास और ध्यान का उपयोग करता है।योग को हज़ारों साल पहले एक आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में विकसित किया गया था।आज जो लोग योग करते हैं,वे इसे व्यायाम या तनाव कम करने के लिए करते हैं। योग का मूल संदर्भ शरीर और दिमाग को आत्म निरीक्षण करने और अपनी प्रकृति के बारे में जागरूक होने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए आध्यात्मिक विकास अभ्यास है। योग का उद्देश्य व्यक्ति में विवेक, जागरूकता,आत्म-नियमन और उच्च चेतना पैदा करना है।व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने योग करके योग दिवस मनाया।

## 10 वें. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलावासियों ने किया योगाभ्यास

# योग हमारी प्राचीन जीवन पद्धती है, योग से होता शारीरिक एवं मानसिक विकास : उपायुक्त

### शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए योग जरूरी - पुलिस अधीक्षक





**बोकारो ।**

बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में जिला आयुष समिति एवं जिला गंगा समिति द्वारा शुक्रवार को 10 वे. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, नमामि गंगे अंतर्गत जिला गंगा समिति के सदस्य, सिविल डिफेंस के सदस्य, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास की बच्चियां, काफी संख्या में आमजनों ने योगाभ्यास किया। मौके पर उपायुक्त विजयी जाधव ने कहा कि योग हमारी प्राचीन जीवन पद्धती है। वर्तमान समय में जीवन में योग का महत्व और बढ़ जाता है। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग जरूरी है। उन्होंने जिलावासियों से योग को अपने जीवन शैली लाइफ स्टाइल में शामिल की बात कहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए योग आवशयक है, वह स्वयं नियमित इसे करते हैं। उन्होंने आमजनों को अपने शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने का अपील किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि योग करने के कई फायदे हैं। योग का हमारे जीवन में काफी महत्व है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। उन्होंने स्वयं योग करने एवं दूसरे को भी योग के लिए प्रेरित करने को कहा।

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, डीपीएलआर, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चास आदि ने जिला वासियों को दस वें. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में काफी संख्या में में प्रशासनिक पदाधिकारी कर्मी, विद्यालय के छात्र छात्राएं, पुलिस जवान, सीनियर सीटीजन, पुरूष महिला आदि ने योगाभ्यास किया। प्रातः सुबह 6.30 बजे से 07.30 बजे तक सभी ने योग किया। प्रशिक्षक राम प्रवेश कुमार एवं उनके टीम द्वारा क्रमवार पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध.मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकर्णी आसन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन, मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, शलभासन, विपरीत नौकासन, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचंद्रमासन, अर्धचक्रासन, दो भुज कटिचक्रासन, चक्रासन, पादहस्तासन, शीर्षासन, मयुरासन, सूर्य नमरूस्कार आदि का योग प्रशिक्षण दिया गया।

योगाभ्यास में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डीडीसी के अलावा सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

इस अवसर पर डीसी एसपी ने पुलिस लाइन मैदान परिसर में पौधरोपण भी किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंडों पंचायतों स्वास्थ्य केंद्रों अस्पतालों- आयुष ग्राम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर थानों अमृत सरोवर स्थल आदि में भी योगाभ्यास किया गया। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम योग स्वयं और समाज के लिए है। सभी ने इसका अनुपालन किया है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों पंचायतों में भी प्रतिनिधियों झ प्रखंड विकास पदाधिकारियों अंचलाधिकारियों की अगुवाई में कर्मियोंआमजनों ने योगाभ्यास किया।

## सासंद ढुल्लू महतो के पहल पर मृतक परिवार को मिला नियुक्ति पत्र



**बोकारो ।**

सीताराम पासवान 17 जून को द्वितीय पाली में ड्यूटी गए थे एडीएम में ताला बंद करने के दरमियान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, जिस कारण आनन फानन में उनको बोकारो जेनरल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान चिकित्सको ने उन्हे मृत घोषित कर दिया ,इसको लेकर परिजन सहित यूनियन के लोगो ने बीएसएल प्लांट एडियम में धरना प्रदर्शन किया ,जब इस बात की जानकारी सांसद ढुल्लू महतो को हुआ तो उन्होंने तुरंत बीएसएल के आलाधिकारयो से वार्ता कर तुरंत पीड़ित परिवार को नियोजन सहित मुआवजा देने का निर्देश दिया ,बीएसएल के आलाधिकारियों ने उनके आदेश का अनुपालन करते हुए मृतक के परिवार को नियुक्ति पत्र दिया, इस अवसर पर मुख्य रूप से बोकारो सांसद प्रतिनिधि मंटू राय , नीलकमल चक्रवती उर्फ नीलू चक्रवती ,प्रकाश ,अजीत नायक, इंदल पासवान धर्म पासवान शिव मुनी राम अमन कुमार मनोज पासवान सुरेश कुमार प्रभात कुमार यूके सुमन दिनेश राम विनोद राम सुशील कुमार राजेश चौधरी रामानुज पासवान सुनील कुमार अरुण कुमार युगल चौधरी विजय राम उपेंद्र कुमार पासवान प्रभात शेखर वीरेंद्र पासवान रंजीत पासवान अवधेश कुमार आईडी पासवान परशुराम पासवान सुनील कुमार रैना प्रमोद रजक संजीव कुमार स्वामी नाथन आनंद पासवान अनिल कुमार सुनील जितेंद्र कुमार अजीत कुमार पीके दास रमेश कुमार अरुण कुमार मनोज कुमार सभी ने सांसद ढुल्लू महतो के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## संदेहास्पद स्थिति में चिकित्सक पति पत्नी की मौत



**गिरिडीह।**

जिले में एक दंपति का शव संदेहास्पद स्थिति में उनके घर में पाया गया।हालांकि बताया जा रहा है कि दोनों ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर यह कदम उठाया है। मामला गिरिडीह के तिसरी थाना क्षेत्र के गम्हरियाटांड का है।घटना का पता लोगों को तब लगा जब गुरुवार की सुबह मकान से दुर्गंध आने लगी। दंपति के मौत की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

मृतक दंपति की पहचान गम्हरियाटांड़ निवासी श्याम प्रसाद सिन्हा और उषा देवी के रूप में की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार श्याम प्रसाद सिन्हा और उनकी पत्नी उषा देवी गम्हरियाटांड़ में अपने घर में पिछले कई वर्षों से रह रहे थे। इनके कोई संतान नहीं है। दंपति किसी तरह जीवन यापन करते थे।पिछले कुछ दिनों से दोनों बीमार चल रहे थे। पड़ोस के लोगों ने बताया कि दो-तीन दिन से दोनों को किसी ने घर के बाहर नहीं देखा। इसी बीच सुबह उनके कमरे से काफी दुर्गंध आ रही थी। इसके बाद लोग वहां पहुंचे और तिसरी थाना की पुलिस को सूचना दी।

## ब्लड की कमी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच व मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा रक्तदान शिविर

### सौ यूनिट रक्त संग्रह का रखा गया लक्ष्य, दोपहर दो बजे तक हुआ 102 यूनिट रक्त संग्रह

**गिरिडीह।**

गिरिडीह सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए जिला मारवाड़ी सम्मेलन व मारवाड़ी युवा मंच व श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम के द्वारा शुक्रवार को विश्वनाथ नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजकों के द्वारा एक सौ यूनिट से अधिक रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया। शिविर में मारवाड़ी समाज के अलावे अन्य लोगों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर की शुरूआत सीए संजय शर्मा, राकेश मोदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने रक्तदान कर की। वहीं मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष रहे बांके बिहारी शर्मा ने अपने शादी के 21वें सालगिराह के मौके पर पूरे परिवार के साथ रक्तदान किया। इस दौरान उनकी पत्नी रूपा शर्मा, बेटा किशन शर्मा व बेटी शगुन शर्मा ने एक साथ रक्तदान किया।

शिविर के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा, रेडक्रॉस सोसाइटी गिरिडीह के चैयरमेन अरविन्द कुमार, सेक्रेटरी विवेश जालान, पूर्व चैयरमेन मदन विश्वकर्मा, पूर्व सेक्रेटरी राकेश मोदी, पूर्व वाइस चैयरमेन डॉ तारकनाथ देव, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ सोहेल, शिविर के संयोजक डॉ सज्जन ढोकानिया सहित अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के साथ ही मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सीए श्रवण केडिया, महामंत्री दिनेश खेतान, युवा मंच के अध्यक्ष राहुल केडिया, सचिव अंकित सरावगी, संजय भूदोलिया, मुकेश जालान, संजय शर्मा, अमित बसईवाला सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य लगे हुए थे।



## सीसीएल, कथारा क्षेत्र के द्वारा 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

### योग भारतीय संस्कृति की परंपरा है- संजय कुमार,महाप्रबंधक



**कथारा /बोकारो।**

सीसीएल, कथारा क्षेत्र के द्वारा 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गयो सुबह ६ बजे से अधिकारी क्लब, कथारा में महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र संजय कुमार की अध्यक्षता में 74 अधिकारियों, कर्मचारियों, ट्रेड यूनियन के सम्मानित सदस्य, प्रेस के मित्र एवं अन्य कथारावासियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायो अधिकारी क्लब, कथारा को भव्य तरीके से सजाया गया था एवं सेल्फी पॉइंट की भी व्यवस्था की गई थी ` कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी, कथारा कोलियरी दुर्गेश कुमार सिन्हा, परियोजना पदाधिकारी, जारंगडीह कोलियरी परमानन्द गुइन, परियोजना पदाधिकारी, स्वांग झ गोविंदपुर कोलियरी अनिल कुमार तिवारी, परियोजना पदाधिकारी, कथारा वाशेरी विजय कुमार, परियोजना पदाधिकारी, स्वांग वाशेरी उमेश कुमार , विभागाध्यक्ष (कार्मिक एवं प्रशासन) जयंत कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे ट्रेड यूनियन से पी.के. जयसवाल, समसुल हक, इकबाल अहमद, रामेश्वर मंडल एवं अन्य उपस्थित थे योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गयो डी.ए.वी. कथारा के स्पोर्ट्स शिक्षक रणजीत सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा योग अभ्यास करवाया गया।

महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र संजय कुमार ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है। प्राचीन लोगों का मानना था कि सूर्य की पहली किरणें मन और शरीर के लिए सबसे ज़्यादा फ़ायदेमंद होती हैं। 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 69वें सत्र को संबोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व समुदाय से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने का आग्रह किया। इसके बाद, प्रस्ताव के 75 दिनों के भीतर, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर, 2014 को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। तब से, दुनिया के हर देश में हर साल लाखों लोग योग के उत्सव में हिस्सा लेते हैं।

योग प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य और स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति समग्र दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि योग दुनिया में शांति का संदेश देता है, जो भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसका अर्थ है ₹पूरा विश्व एक परिवार है।₹ मुझे आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर बहुत खुशी हो रही है। सभी से नम्र निवेदन है कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं` मंच संचालन उप प्रबंधक (सी एस आर) कथारा श्री चंदन कुमार ने किया ।

सीसीएल, कथारा क्षेत्र के सी. एस.आर. के द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गोमिया में भी 200 छात्राओ ने एक साथ योग का अभ्यास कियो सीसीएल, कथारा क्षेत्र के सी.एस.आर. के द्वारा सभी छात्राओ के लिए टी-शर्ट एवं कैप की व्यवस्था कि गई थी` योग के जानकारी के उद्देश्य से विद्यालय में 10 स्टैंडी गई थी

उसके बाद डी.ए.वी. कथारा में भी योग का अभ्यास करवाया गया।

## धावादल ने होटलों मे घिसते बचपन को बचाया

### बाल श्रम पर रोकथाम को लेकर गिरिडीह के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों आदि का निरीक्षण

**गिरिडीह।**

पैन इंडिया बाल मज़दूर रेसक्यू एवं पूनर्वास अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन गिरिडीह के आदेशानुसार शुक्रवार को धावा दल द्वारा गिरिडीह के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों आदि का निरीक्षण किया गया। जहाँ बाल श्रमिक रखे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

इसी कड़ी मे बिरयानी नम्बर 1 कचहरी रोड गिरिडीह तथा चाय दुकान मकतपुर चौक मे नियोक्ता द्वारा बच्चों से काम कराते हुए देखा गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बच्चे बिरयानी बनाने, चाय बनाने,ग्लास, कप, प्लेट धोने व साफ सफाई के काम मे लगे हुए थे। रेस्क्यू किए गए दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया । धावा दल में श्रम विभाग से श्री विजय राज , टाउन थाना गिरिडीह के एएसआई अरविन्द कुमार पाठक, जिला बाल संरक्षण इकाई के रविंद्र सिन्हा, बनवासी विकास आश्रम, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सुरेश कुमार शक्ति तथा मुकेश कुमार, चाइल्ड लाइन के नरेश वर्मा इत्यादि शामिल थे।




विदित हो कि राष्ट्रीय बाल सरंक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु एक जून से तीस जून तक रेसक्यू एवं पूनर्वास अभियान चलाया जा रहा है।इसके अंतर्गत गिरिडीह को बालश्रम मुक्त जिला बनाने हेतु कई कदम उठाये जा रहे हैं। बाल दास्ता के खिलाफ इस अभियान से अब तक 10 बच्चों को बचाया गया है। बाल अधिकार एक्टिविस्ट सुरेश कुमार शक्ति ने कहा कि बालश्रम के खिलाफ और भी कड़े कदम उठाने की जरुरत है क्योंकि नियोक्ताओं मे भय नहीं है। जिन प्रतिष्ठानों से पूर्व मे बच्चे रेसक्यू किये गया थे उन्ही प्रतिष्ठानों मे पुनः बच्चों से मज़दूरी करवाते हुए देखा गया। यह अत्यंत दुःखद स्थिति है। श्री शक्ति ने कहा कि आम नागरिकों को भी बचपन को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है।बताया गया कि आम नागरिक बालश्रम की शिकायत टॉल फ्री नम्बर 18003456526 एवं 1098 पर दे सकते हैं।

न्यूज़ अपडेट

## 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने किया सूर्य नमस्कार व योग अभ्यास



**रामगढ़।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे योजना के तहत तथा जिला आयुष समिति रामगढ़ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार,पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार,वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार,उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो,अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों,मीडिया प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों,जिलेवासियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य लोगों ने सिदो कान्हू स्टेडियम में सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास किया।इस दौरान सभी को विभिन्न प्रकार के योग एवं इनसे होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रतिदिन योग को अपनी आदत में शामिल करने एवं इससे लाभान्वित होने की अपील की।

## डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन



**रामगढ़।** डॉ एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में ठरर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया।योग शिविर में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा तथा सभी शिक्षकों ने भी भाग लिया।योग क्रिया में भ्रामरी,बज्रासन,भुजंग ासन,सूर्य नमस्कार,भुजासन,ध्यान मुद्रा, एकाग्रता,अनुलोम विलोम ध्यान क्रियाएं कराएं।सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने योग की उपयोगिता को बताते हुए योग को जीवन में अपनाने की सलाह दी।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा ने कहा कि योग करने से व्यक्ति स्वस्थ एवं निरोग रहते हैं।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर का सफल संचालन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक हरिकेश सिंह और डॉ अशोक राम (ठ.र.र कार्यक्रम पदाधिकारी) द्वारा की गई। वीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने योगाभ्यास के माध्यम से योग की विभिन्न क्रियाओं को सीखा एवं लाभांवित हुए और प्रत्येक दिन योग क्रिया करने की शपथ लिये।मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो,नयन कुमार मिश्रा,संजु रंजना होरो,परवेज अख्तर एवं डीएलएड के प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन,व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे,डॉ राजेश महतो, बाबुचंद प्रसाद, सुलेखा कुमारी,प्रतिभा कुमारी तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में सुश्री निकिता कुमारी सहित कई मौजूद थे।

## डॉक्टर मोहम्मद जावेद आजाद ने मुख्य मंत्री और बीजली मंत्री से मांग किया कि उच्च स्तरीय जांच कमिटी तैनात किया जाय



**किशनगंज।** डॉ ने अपने निवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि पेपर लिख का सुप्रीम कोर्ट के जजों से कराई जाय। और 2.33 करोड़ रुपये की खर्च हुए हैं विद्यार्थियों और सर अभिभावकों का मावजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कटाव पर शीघ्र कार्रवाई हो। रमजान नदी को बचाने के लिए सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। सांसद डॉक्टर मोहम्मद जावेद आजाद ने कहा कि एएमयू निर्माण हो। उक्त मामले को सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट के जजों से जांच कराई जाए बिजली तारों का प्रयोग निम्न स्तर का है इसके लिए उन्होंने तार और ट्रांसफार्मर को आपूर्ति करने वाले कंपनी के खिलाफ बिजली मंत्री और मुख्यमंत्री से कार्रवाई करने की मांग किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू, युवा कांग्रेस के स्टेट डेलीगेट सरफराज खान रिंकू और एहसान हसन इत्यादि उपस्थित थे।

## नेहरू कॉलेज ,बहादुरगंज में योग शिविर का आयोजन किया गया




**किशनगंज।** आज दिनांक 21 जून 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई नेहरू कॉलेज, बहादुरगंज में अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय का प्रधानाचार्य डॉ जमीरुल आलम के द्वारा किया गया। उन्होंने योग के ऐतिहासिक पहलुओं पर चर्चा की तथा योग के महत्व बताएं। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ पिनाकी रंजन दास ने विभिन्न योगासनों तथा उनके फायदे के बारे में विस्तार से बतलाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योगासनों के माध्यम से रोगों से मुक्त होने के बात कहीं तथा सभी के लिए स्वस्थ जीवन की कामना की। इस योग शिविर के अंतर्गत विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# झारखण्ड किसान महासभा के गोला,चितरपुर और दुलमी प्रखण्ड कमिटी का गठन

### जुलाई से प्रारंभ होगा पूरे राज्य में किसान महाजुटान



**रामगढ़।**

झारखण्ड के अग्रणी किसान संगठन झारखण्ड किसान महासभा के गोला,चितरपुर और दुलमी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक चितरपुर के ग्रीन गणेशा काम्प्लेक्स के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के केंद्रीय सदस्य कपिलदेव महतो ने किया जिसमे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जेकेएम द्वारा प्रखण्ड कमिटी का विस्तार करते हुए चितरपुर प्रखण्ड अध्यक्ष खुदीराम महतो को बनाया गया।दुलमी प्रखण्ड प्रभारी रीता भारती एवं गोला प्रखण्ड प्रभारी सुनीता कुमारी को बनाया गया। संगठन के कमिटी विस्तार प्रभारी एवं रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विधायक प्रत्याशी रहे संतोष महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी महीने तक रामगढ़ ज़िले में किसानों के सबसे बड़े और मज़बूत संगठन के तौर पर महासभा को स्थापित किया जाएगा।आगामी समय में झारखण्ड किसान महासभा किसानों के द्वारा किसानों के लिए प्रदर्शन और आंदोलन करेगा।इस महीने पूरे जिले में सघन बैठक किए जाएँगे और दस हज़ार किसानों को संगठन से जोड़ा जायेगा।गोला,चितरपुर और दुलमी के प्रगतिशील कृषक एवं युवा कृषि उद्यमी विसेश्वर महतो,गोविंद चौधरी,शिव नाथ महतो,जगेश्वर महतो,धनंजय महतो,अविनाश कुमार,प्रेम महतो को कमिटी में शामिल किया गया।वहीं कपिल देव महतो ने बताया कि झारखण्ड किसान महासभा प्रदेश में किसानों के मुद्दों,उनके हक और अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष करता आया है और आगे ये संघर्ष और तेज किया जाएगा। राज्य में न तो धान का खरीद समय पर हो रहा ना एम एस पी का भुगतान समय पर हो रहा के सी सी में भ्रष्टाचार चरम पर है ,अंचल कार्यालयों द्वारा किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन हड़प ली जा रही है।बैठक में मौजूद अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार झारखण्ड के किसानों को हल्के में न ले और इनकी समस्याओ पर संज्ञान लेते हुए इनका त्वरित निदान करे।विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर किसानों की जमीन हड़पी जा रही और मुवावजे के नाम पर ठेंगा दिखा दिया जा रहा जिसे संगठन कभी बर्दास्त नही करेगा।बैठक सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखण्ड किसान महासभा द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में किसान महजुटान किया जाएगा और किसानों को मज़बूत किया जाएगा।किसान महाजुटान रामगढ़ के बाजार समिति से शुरू होगा और 15 जिलों में महाजुटान किया जाएगा और अपने अधिकारों के लिए आंदोलन और प्रदर्शन किया जायेगा और इसके लिए लाखों की संख्या में किसान सड़कों पर उतरेंगे।वहीं बैठक में विभिन्न प्रखंडों में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कई आवशयक निर्णय लेते हुए नाइ जिम्मेवारियां दी गई।मौके पर दर्जनों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस ने12 मोटरसाईकिल चोरी की बरामद की

- पांच सातिर अपराधी गिरफ्तार, पांचों भेजे गए जेल
- अपराधियों को नकेल कसने में कोई कोताही नहीं- हृदीप पी जनार्दन





**धनबाद । तिसरा।**

शुक्रवार को तिसरा थाना पि-रसर में धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की किसी भी कीमत पर अपराधियों को नहीं बकसा जाएगा। जिले में मोटरसाइकिल चोरों का गिरोह सक्रिए हैं,इसके लिए प्रेस वाले भी सहयोग करें। जिले में नशा का प्रकोप बढता जा रहा हैं। नशा करने के पश्चात ही अधिकतर क्राईम किया जा रहा हैं। अपराधी अपने धंधा से बाज आए अन्यथा किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। चाहें कोयला चोरी हों या बालू का उठाव हों गलत करने वाले संभल जाए अन्यथा भुगतने के लिए तैयार रहें। अच्छे कार्य के लिए पुलिस द्वारा पुरस्कृत जरूर किए गएगें। हमें जानकारी हैं की जिले में कोयला चोरी में चोरी का मोटरसाइकिल य्यूज किया जा रहा हैं। नशा के कारण अधिकांश घर बरबाद हों रहा हैं। नशा के लिए हर जिले में नशा मुक्त अभियान चलाई जा रहीं हैं। 18 वर्ष से कम उम्र के लोंगों को सेवन करना या देना कानूनन अपराध हैं। कोयला चोरी अमुक जगहों पर हो रहा हैं। इसकी जानकारी नाम के साथ सुचित करें,अवशय कार्रावाई की जाएगी। उक्त बातें प्रेस वार्ता में मिडिया को संबोधीत करतें हुए कहीं। धनबाद जिले अंतर्गत अप्राध नियंत्रण एवं चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन के द्वारा शख्त निर्देश जारी की गई हैं। सिन्दरी डी एस पी भूपेंद्र कुमार रावत प्रेस वार्ता मे सर्किल इंस्पेक्टर उषा राणी,तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, श्यामल उरांव मृतुंजय तिवारी, बालदेव यादव अशोक तिवारी घनुडीह ओ पी प्रभारी पवन कुमार आदि उपस्थित थें। जोडापोखर सर्किल के तिसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत, तिसरा से सूचना मिलते हीं टीम बनाकर छापामारी हेतु भेजा गया। छापामारी के क्रम में तिसरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीसीसीएल के खास-कुईयां स्थित टुटी फुटी मकान के अंदर मनू सिन्हा तथा भोल महतो को चोरी का योजना बनाते हुए चोरी के चार मोटरसाईकिल और दो लोगों को गिरफ्तार की गई। पकड़ाये दोनों अभियुक्तों के द्वारा अपने अन्य सहयोगियों का नाम तथा चोरी के मोटरसाईकिल के सबंध में बताया गया। जिसके पश्चात अभियुक्तों के निशान देही पर छापेमारी सरू की गई। चांद कईयाँ,कसमाटांड इत्यादि जगहों से 08 चोरी के मोटर साईकिल को बरामद किया गया तथा अन्य तीन 03 को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ाये सभी अभियक्तों के द्वारा मोटर साईकिल की चोरी करने एवं बेचने की बात वरीय पदाधिकारी थाना प्रभारी शुमन कुमार के समक्ष बात स्वीकार की गई। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में सोनू सिन्हा एवं भोला महतो जो सातिर अपराधिक हैं। इनके विरुद्ध चोरी आर्मस एक्ट एवं अवैध शराब तस्करी के कई काण्ड धनबाद जिले के विभिन्न थानों
में दर्ज है। इस सबंध निसरा थाना कांड सं0-51/24 दि0-21.06.24. धारा 413/414/34 दर्ज किया गया। तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार अनमण्डल पुलिस घनुआडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में कि गई।
सोनू सिन्हा, पिता-सोहन सिन्हा, थाना कांड सं0-245/23, दिनांक-14 12.2023, धारा 41434 भा०३०वि०,
2 तिसरा ला कांड सं0-245/23, दिनांक 1412202024 दिनाक-29.02.24, थारा-414/34 भा०८०वि०
तिसरा लदिना ओ०पी० कांड सं0-21/2024, दिनांक-08.04. 24, धारा-379 भा०द०वि०
भोलू महतो, पिता - गांधी महतो, सा०- कुईयाँ कोलियरी 1. दुमका मुफसील थाना कांड सं0- 58/23,सामिल हैं।

## युवकों ने नाबालिग बच्ची के साथ की गेंग रैप, वीडियो बनाकर बच्ची को करते थे ब्लैकमेल, पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार जिसमें दो नाबालिक लड़के.

**युवकों ने नाबालिग बच्ची के साथ की गेंग रैप, वीडियो बनाकर बच्ची को करते थे ब्लैकमेल, पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार जिसमें दो नाबालिक लड़के.**



**धनबाद ।**

कतरास में फिर से एक बार मानवता शर्मसार हुई है।नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात प्रकाश में आया है
कतरास थाना क्षेत्र की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म तीन युवकों ने अंजाम दिया था। इस दौरान नाबालिग का वीडियो भी बना लिया था। युवको ने दुष्कर्म के बाद नाबालिग को छोड़ दिया।दुष्कर्म करने वाले युवको ने नाबालिग को धमकाते हुए किसी से नहीं बताने की बात कह रहे थे बताने पर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दिया था। डर से नाबालिग अपने साथ हुए दुष्कर्म किसी को नही बताई।लेकिन युवको द्वारा बार बार नाबालिग को वीडियो वायरल करने की धमकी देने के बाद अपने परिजन को घटना बताई। नाबालिक और परिजन कतरास थाना में लिखित शिकायत दी। पुलिस को शिकायत मिलते ही आरोपी युवको को गिरफ्तार करने के लिए गुरुवार रात में छापेमारी किया और दो आरोपी को आकाश किनारी मैदान के समीप से दबोच लिया। वही तीसरे आरोपी को शुक्रवार की सुबह छापेमारी कर गिरफ्तार करने में सफल हुई।
बताया जा रहा है कि आरोपी युवक नाबालिग को बहला फुसलाकर जरलाही और आकाश किनारी बस्ती के बीच झाड़ियों में ले गया था। जहां तीनो ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी वीडियो बना लिया किसी को बताने पर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दिया।लेकिन जब वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा तो अपने परिजन को सारी बात बता दी।परिजन कतरास थाना में मामला तीनो आरोपियों के खिलाफ दर्ज करवाई।
वही बाघमारा एसडीपीओ आंनद ज्योति मिंज ने कहा कि कतरास थाना क्षेत्र की नाबालिग से तीन युवक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।शिकायत के बाद पुलिस तीनो अभियुक्त को गिरफ्तार कर ली है। पीड़िता का मेडिकल और मजिस्ट्रेट के सामने 164 का बयान आज पुलिस करवायेगी। तीनो अभियुक्त को आज जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## उपायुक्त नें जनता दरबार में सुनी आमजनों की शिकायत

- समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**धनबाद ।**

21 जून को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।
जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क, मारपीट,




आवास निर्माण, अवैध कब्जा, समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार : न्यायाधीश

**धनबाद ।**





शुक्रवार को पूरी दुनिया योग की ताकत को मानती है, डालसा सचिव अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवनशैली, में लोगों को चिंता, अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है. जो इस समय मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि इस बार लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम, सभी लीगल लिटरेसी क्लब में भी डालसा के पीएलभी,पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय राम शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी हसन, अपर न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय एसएन मिश्रा,जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह,रजनीकांत पाठक, दुर्गेश चंद्र अवस्थी,प्रभाकर सिंह, स्वयंभू,संजय कुमार सिंह,कुलदीप मान , नीरज विश्वकर्मा प्रफुल्ल कुमार,साकेत कुमार,अंजनी अनुज, पारस कुमार सिंह,राकेश कुमार,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी,अवर न्यायाधीश निताशा बारला,स्वेता कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी समेत सभी न्यायिक पदाधिकारीयों ने योगासन किया।

- **जेपी हॉस्पिटल ने धनबादवासियों को दी अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस की शुभकामनाएं**

धनबाद जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष मंडल प्रदीप मंडल एवं प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने अपने आवास में अपनी धर्मपत्नी डॉक्टर किमी नित्यानंद मंडल पुत्र नित्यम मंडल एवं अपने रिश्तेदारों व पारिवारिक मित्रों के साथ अत्यंत ही उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ योग अभ्यास करके अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया और समस्त धनबाद वासियों को योगाभ्यास को आत्मसात कर स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी।

- **ओल्ड एज होम व लालमणि में बुजुर्गो ने उत्साह से किया योगाभ्यास**

धनबादःविश्व योग दिवस पर सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में रह रहे बुर्जुगों ने भी योगाभ्यास कर अच्छे स्वास्थ्य के मद्देनजर पूरे विश्व के इस महत्वपूर्ण दिन को मनाया।साथ ही अपने जीवन के स्वास्थ्य के उतार चढ़ाव के अनुभवों के आधार पर युवाओं को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत कर योगा के प्रति जागृत करने का प्रयास किया। ओल्ड एज होम के संचालक नौशाद गद्दी ने कहा बुजुर्गों के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति हम आश्रम प्रबंधन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनौती है जिसे हम बखूबी अपना यथासंभव कर्तव्य कर बुजुर्गों की सेवा सत्कार करते हैं। हर दिन इनके अच्छे स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आश्रम में हर सुविधा यथासंभव उपलब्ध कराई जाती है ताकि इस उम्र सारे बुजुर्ग स्वस्थ रहें। दवाओं की अपेक्षा योग अभ्यास ज्यादा कारगर साबित हुआ है। इसी को लेकर प्रशिक्षित योग शिक्षक के द्वारा ओल्ड एज होम एवं लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में समय-समय पर योगाभ्यास व स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जाता है।

- **मानवता के लिए योग थीम पर डीएवी स्कूल मुगमा में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

धनबाद डी ए वी पब्लिक स्कूल मुगमा एरिया निरसा ने मानवता के लिए योग थीम को ध्यान में रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। यह एक शांत सुबह थी जहां पूरा स्कूल मानवता के लिए योग के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण के वैश्विक आंदोलन में शामिल हो गया।तीसरी से आठवीं तक के छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सर्वशक्तिमान के आशीर्वाद से हुई।

- **डी ए वी कोयला नगर में स्कूली बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास**

धनबाद डी ए वी पब्लिक स्कूल कोयला नगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों ने शिक्षकों के साथ सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में स्थित मैदान में सारे बच्चे एकत्रित हुए तत्पश्चात विद्यालय की योगा टीम तथा शिक्षक एवं विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया ।

- **दी आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने धनबाद शहर के दर्जनों स्थान पर योगा प्रोटोकॉल करवाए।**

आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन धनबाद मीडिया प्रभारी मयंक सिंह ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जानकारी सांझा किया, प्रातः ६ बजे से शहर के विभिन्न स्थानों, संस्थानों पर एओल प्रशिक्षक, वॉलंटियर, योग अभ्यास करवाने मे तत्पर थे।

- वॉलंटियर संदीप कौशल के साथ डा राम नारायण प्रसाद (एओएल डीडीसी बोकारो) ने धनबाद मंडल कारा में करीब 250 बंदियों को और धनबाद कोर्ट परिसर मे करीब 30 न्यायाधीश,
- प्रशिक्षक मयंक सिंह के साथ प्रशिक्षिका सोनी कुमारी ने 10वी वाहनी रेलवे सुरक्षा विशेष बल मे करीब 200 कर्मी, पीवीआर आइनॉक्स प्रभातम मल्टीप्लेक्स मे करीब 25 कर्मी,
- वही प्रशिक्षक गौतम जगन्नाथ ने सरायढेला पीवीआर मे वॉलंटियर रामाधार प्रसाद के साथ 30 कर्मीगण,

प्रशिक्षिका सोनाली सिंह ने ऑनलाइन ज़ूम पर कार्मेल स्कूल धनबाद की करीब ३०० छात्राएं,

- वॉलंटियर रामाधार प्रसाद ने आयकर विभाग मे करीब 30 अधिकारियों,
- डा. अनुप्रिया गुप्ता बीआईटी सिंदरी के 30 और बीबीएमकेयू के करीब 40 कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण कराया।
- पूरे कार्यक्रम में सभी भाग लेने वालो को गुरदेव श्री श्री रविशंकर जी के ज्ञान – खुश, स्वस्थ और मस्त रहने का गुर भी प्रदान किया गया और अपने स्वास्थ के लिए प्रत्येक दिन सहज और सजग मन से रहने की जागरूकता बढ़ाई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट ऑफ लिविंग वॉलंटियर जूही महतो, सुतापा मंडल, अवनी धृति, प्रिंस जायसवाल के साथ सुरक्षा बल के मिथलेश कुमार राय, डिविजनल इंस्पेक्टर अरुण दुबे, काराधीक्षक प्रभारी बिनोद कुमार, कारापाल दिनेश प्रसाद, धनबाद पीवीआर जीएम दीपक चौधरी, एचआर इशिका सिंह, संयुक्त आयकर उपायुक्त सीमा दास, आयकर अधिकारी अशोक कुमार, डीएलएसए सचिव राकेश रंजन, न्यायाधीश राम शर्मा, न्यायाधीश नताशा बारला, बीबीएमकू कुलपति पवन कुमार, कुलसचिव डा. कौशल कुमार, संयोजक पुष्प कुमारी, बीआईटी डायरेक्टर डा. पंकज राय, फैकल्टी इंचार्ज डा. राजीव शर्मा व डा. सी ठाकुर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com